हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



12 शिवेश, माधव, नैंसी व साधना अपने-अपने आयु वर्ग में...



## खबर संक्षेप

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** जिला भर में जुआ व सट्टा खेलने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक मुल्तान कालोनी निवासी सोनू को 31300 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात एएसआई रविन्द्र कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि कुन्दनापुर रोड़ पर एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम का गठन कर, टीम ने मौके पर जाकर बताए गए हुलिए के अनुसार मुल्तान कालोनी निवासी सोनू को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 31300 रुपए व सट्टा पर्ची बरामद हुई।

### गलत लेन में वाहन चलाने पर 7 एफआईआर

**हांसी।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व सड़क पर होने वाले हादसों से बचाने के लिए लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले 7 वाहन चालको के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग सुसंगत धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है कि पुलिस टीमों ने लापरवाही से गलत लेन में वाहन चला आमजन की जान को खतरे में डालने, लोक मार्ग में बाधा उत्पन करने के बारे में 7 बड़े वाहन चालकों के खिलाफ थाना बास,थाना सदर हांसी और थाना शहर हांसी में मामले दर्ज किए गए।

### गुजवि में करियर को वेबिनार का आयोजन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के मार्गदर्शन में, इंडस्ट्री इंटरेक्शन (आईआईसी) द्वारा 'कैंपस से कॉपोरेंट तकः अगली पीढ़ी के करियर के लिए तैयारी' शीर्षक पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह के स्वागत के साथ हुई। प्राज इंडस्ट्रीज लिमिटेड में भारत एचआरबीपी प्रबंधक, अनुभवी मानव संसाधन पेशेवर नितेश कुमार वेबिनार के मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने की।

### नपा के पूर्व चेयरमैन सुबेर को मातृशोक

**नारनौंद।** नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन सुबेर लोहान की माता का लंबी बीमारी कारण देहांत हो गया।



उनके निधन पर अनेक समाजसेवी संगठनों ने गहरा दुख प्रकट किया है। सुबेर लोहान ने बताया कि 78 वर्षीय उनकी माता कृष्णा देवी पिछले 28 सालों से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थी। इसके कारण उनका देहांत हो गया।

## शिक्षिका मनीषा मर्डर मिस्ट्री के विरोध में लोग सड़क पर उतरे

# सामाजिक संगठनों ने विरोध मार्च निकाल एडीजीपी कार्यालय पर किया रोष-प्रदर्शन

- संगठनों ने हत्यारों का सुराग देने वालों के लिए 11 लाख के इनाम देने का किया ऐलान
- दो दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं तो करेंगे हिसार बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार



हिसार। एडीजीपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते युवा।

भिवानी जिले में टीचर मनीषा मर्डर मिस्ट्री के विरोध में सामाजिक संगठनों ने यहां विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने एडीजीपी कार्यालय तक मार्च किया और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार से फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई कराने की मांग की है। लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपना आक्रोश व्यक्त किया। सामाजिक संगठनों ने हत्यारों का सुराग देने वालों के लिए 11 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षिका मनीषा की बड़ी बेरहमी से हत्या की गई है। ऐसे में हत्यारों को फांसी दी जाने चाहिए। युवा नेता गौरव सैनी ने कहा कि मनीषा के हत्यारों को पकड़ने की बजाय उनका एकाउंटर ही कर दिया जाना चाहिए। सैनी ने पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि मनीषा के हत्यारों को अगर इस अवधि में नहीं पकड़ा गया तो हिसार बंद किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल सुनील रावत ने कहा कि जो भी हत्यारों के बारे में सुराग देगा, उसे 11 लाख का इनाम दिया जाएगा। उधर, सामाजिक कार्यकर्ता हरीश वर्मा ने बताया कि अभी तक पुलिस को अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला है। प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहा है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### शिक्षिका मनीषा की हत्या पर गुस्से में शिक्षा जगत : सेठी

**हिसार।** सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल ट्रस्ट, ने कहा कि भिवानी जिले के लोहारू क्षेत्र में निजी स्कूल की शिक्षिका मनीषा की बेरहमी से हत्या के मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध की सर्वत्र निंदा हो रही है और प्रदेशभर में रोष व्याप्त है। ट्रस्ट ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर कठोर सजा दिलाने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सेठी ने कहा कि लोहारू के गांव ढाणी लक्ष्मण निवासी मनीषा एक निजी स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। 11 अगस्त को वह स्कूल से छुट्टी के बाद बीएससी में एडमिशन संबंधी जानकारी लेने एक निजी कॉलेज गई थी, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत के बावजूद कई दिन तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सेठी ने कहा कि मनीषा हत्याकांड ने तो पूरे शिक्षा जगत को हिला दिया है।

### मनीषा के हत्यारों को कठोर सजा देने की भी मांग

**बरवाला।** शिक्षिका मनीषा की हत्या के आरोपियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा देने की मांग की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू, पैटर्न तेलू राम रामायणवाला, वरिष्ठ उप प्रधान संजय धतरवाल व कुलदीप यादव, प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया, पैटर्न महावीर यादव, उपप्रधान दिनेश कौशिक व पूर्व प्रधान प्रदीप यादव ने कहा कि टीचर मनीक्षा की ऐसी निर्मम हत्या के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। इससे शिक्षा जगत एवं आम व्यक्ति में प्रशासन के प्रति काफी रोष बना हुआ है। इस जघन्य अपराध की प्राइवेट स्कूल संघ कड़ी निंदा करता है।



हिसार। जिला स्वामी सभा के सदस्य प्रदर्शन करते हुए व ज्ञापन देते हुए जिला स्वामी सभा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## मनीषा को न्याय व कातिलों को सख्त से सख्त सजा मिले : स्वामी सभा

**हिसार।** जिला स्वामी (बैरागी) सभा ने भिवानी के चर्चित मनीषा हत्याकांड के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग की है कि मनीषा के हत्यारों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। इससे पहले सभा के प्रधान चंद्रभान स्वामी की अध्यक्षता में सभा के सदस्यों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सदस्यों ने मनीषा के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को ऐसी सजा दी जाए कि कोई अन्य ऐसी घटना करने से पहले 100 बार सोचे। सभा के सचिव नरेश स्वामी ने कहा कि इतनी पीड़ा देने वाली मौत के अपराधियों को पुलिस तुरंत खोजे व सख्त से सख्त सजा दे। ज्ञापन देने वालों में स्वामी सभा के नौरंग राय स्वामी, प्रवक्ता बीरबल, राजमल स्वामी उपप्रधान राजेंद्र स्वामी, राधेश्याम स्वामी, गोवर्धन स्वामी, रजनीश, सुरेंद्र, संतलाल स्वामी, मास्टर निरंजन स्वामी, पवन, गौरव, प्रवीण, रविंद्र, बलजीत, बलबीर, गोविन्द, राजेंद्र, मदन एवं अन्य उपस्थित रहे।

### पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

**नारनौंद।** मनीषा हत्याकांड को लेकर नगर पालिका के पार्षदों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, पार्षद सुनील बैरागी, राजबीर खेड़ीवाला, पूर्व चेयरमैन सुबेर लोहान आदि ने बताया कि मनीषा हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को झंझोर कर रख दिया है। सरकार से मांग है की जल्द से जल्द मनीषा की हत्यारों को पकड़ कर फांसी की सजा दी जाए। अन्यथा प्रदेश में आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है।

# छात्रों और लोगों में आक्रोश

- जाट धर्मशाला से शहीद स्मारक तक रोष मार्च निकाल दी प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी



हांसी। रोष मार्च में प्रदर्शन करते छात्र व विभिन्न संगठनों के सदस्य।

पुलिस द्वारा सिंघानी निवासी महिला अध्यापिका मनीषा हत्याकांड में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने को लेकर प्रदेश के लोगों का गुस्सा लगातार उबाल पर है। मनीषा के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को हांसी में विभिन्न राजनैतिक दलों व संगठनों ने जाट धर्मशाला से शहीद स्मारक तक एक प्रदर्शन करते हुए रोष मार्च निकाला गया। बाजार से गुजरे जुलूस में युवाओं ने नारे लगाते हुए मनीषा के हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। रोष मार्च में एसडी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया। मार्च में शामिल एसडी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने कहा कि मनीषा की हत्या को इतना समय बीत जाने के बावजूद हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर हैं यह सरकार और पुलिस प्रशासन का पूरी तरह से फेलियर है। छात्राओं ने सरकार व पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो यह आंदोलन राज्य स्तरीय रूप लेगा। प्रदेश स्तर पर आंदोलन की चेतावनी रोष मार्च में कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कहा कि मनीषा हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। आप पार्टी जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोरखी की धर्मपत्नी शीला सोरखी ने कहा कि इतने लंबे समय के बाद भी पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार करना तो दूर उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है यह पुलिस की सबसे विफलता है। उन्होंने कहा कि युवाओं का यह गुस्सा सरकार के लिए चेतावनी है। पुलिस ने जल्द हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो यह आंदोलन बड़े स्तर पर होगा। इस दौरान बिट्टू प्रधान, गुर्जर समाज के उपाध्यक्ष बिट्टू कसाना ने सरकार और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

# शिक्षिका मनीषा हत्याकांड में सरकार तत्काल मामले को सीबीआई को सौंपे : लाल बहादुर

- मनीषा हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग के लिए हिसार के वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार



हिसार मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने पहुंचे वकील।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने भिवानी जिले के गांव सिंघानी की शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या के विरोध में उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यह हत्याकांड मानवता पर कलंक है और समाज में बढ़ती क्रूरता का वीभत्स उदाहरण है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि घटना के छह दिन बीतने के बाद भी हरियाणा पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में विफल रही है जिससे पीड़ित परिवार और प्रदेशवासियों में गहरा आक्रोश है। इस मोके पर एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। हम मांग करते हैं कि इस हत्याकांड की जांच तत्काल प्रभाव से सीबीआई को सौंपी जाए और मृतका के परिवार को पर्याप्त सुरक्षा मिले और दोषियों को शीघ्र सजा दी जाए ताकि समाज में यह संदेश जाए कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एडवोकेट रतन पानू, कुसुम प्रजापति, श्वेता शर्मा, मनीषा, मीना, शबनम, तनीषा, प्रतिभा, परवीन कुमारी, आशा, सीमा, विवेक भार्गव, विक्रम मित्तल, ओपी धतरवाल, सीआर वर्मा, गर्वित कालरा, हिमांशु खोवाल, जितेन बजाज, विकास गोयल, विनोद गुरी, अनिल भोरिया, बजरंग इंदल सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने पांच वारदातें सुलझाईं, तीन मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार



हिसार। पकड़े गए मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सदस्य।

आजाद नगर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनसे चोरी की तीन मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद की है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गंगवा गांव निवासी रविन्द्र उर्फ बच्ची व इन्द्रा कॉलोनी डाबड़ा निवासी राहुल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह ने बताया कि थाना आजाद नगर क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी निवासी तरुण कुमार ने 10 अगस्त को उसकी मोटरसाइकिल उसके घर से चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत पर केस दर्ज करके पुलिस ने जांच करते हुए इन दोनों आरोपियों को दबोचा। आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने थाना आजाद नगर और सिविल लाइन क्षेत्र से वाहनों की चोरी की वारदातें की है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरीशुदा तीन मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से की गई प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया कि वे मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी कर उन्हें औने-पौने दामों में बेचने की फिराक में थे। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि यह भी पता लगाया जा सके कि इनके साथ और कौन लोग जुड़े हुए हैं तथा इनसे और कितनी वारदातें सुलझ सकती हैं।

गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुलिस ने लापरवाही से गलत लेन में वाहन चलाने पर 20 के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी



अमित यशवर्धन, एसपी, हांसी।

- वाहन चालक लेन नियमों का करे पालन : एसपी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व हादसों से बचाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेन चेंज ड्राइविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले 20 वाहनों के चालान किए गए।

एसपी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान व माल की हानि को रोकने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेन ड्राइविंग व गलत दिशा में ड्राइविंग कर आमजन की जान को खतरे में डालने, लोक मार्ग में बाधा उत्पन करने वाले 20 वाहनों के चालान किए है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस जिला द्वारा समय समय पर सड़क सुरक्षा व सुरक्षित सफर के लिए लेन ड्राइविंग से संबंधित विशेष जागरूकता अभियान चला आमजन को जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि सभी वाहन चालक लेन ड्राइविंग और ट्रैफिक नियमो का पालन करे। भविष्य में भी पुलिस द्वारा भारी वाहनों के संबंध में लेन ड्राइविंग तथा गलत दिशा में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियोग अंकित कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ऋषिकुल विद्या मन्दिर की कक्षा चौथी की प्रतिभावान छात्रा

# युविका ने जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



हिसार। छात्रा युविका को सम्मानित करते स्कूल निदेशक व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

ऋषिकुल विद्या मन्दिर की कक्षा चौथी की प्रतिभावान छात्रा युविका ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के बल पर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। फतेहाबाद में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में युविका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनके बेहतरीन खेल और समर्पण को देखते हुए उन्हें हरियाणा राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए चयनित किया गया है।

**प्रधानाचार्या ने दी बधाईः** विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा, निदेशक रोहित लोमस तथा समन्वयक रीटा शर्मा ने युविका को इस सफलता पर बधाई दी।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छाए हिसार के ताइक्वांडो खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार



हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी।

सिरसा में आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय किड्स, सब जूनियर और सीनियर लड़की व लड़कों की राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिसार के खिलाड़ियों ने 7 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 300 के करीब खिलाड़ियों ने भाग लिया।

ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष एडवोकेट नीरज वर्मा व सचिव सुरेश गिल ने बताया कि किड्स वर्ग में तेजस ने 20 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि सब जूनियर लड़कों के वर्ग में अक्षत ने कांस्य पदक और लड़कियों में 26 किलोग्राम भार वर्ग में भविष्का कांस्य पदक जीता और 29 किलोग्राम भार वर्ग में तानिया ने स्वर्ण पदक और आराध्या ने 32 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में नवीन जांगड़ा ने 54 किलो ग्राम भार वर्ग में खेलते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में ही 74 किलोग्राम भार वर्ग में वासु ने कांस्य पदक जीता।

## स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज उच्च कोटि के संत थेः कुलदीप बिश्नोई



हिसार। कुलदीप बिश्नोई व रेनुका बिश्नोई स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद एवं कुलदीप बिश्नोई ने हरिद्वार आश्रम में पहुंचकर स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करके गौ ऋषि को नमन किया। उनके साथ पूर्व विधायक रेनुका बिश्नोई भी थीं। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि स्वामी जी का पूरा जीवन मानवता के कल्याण, गो उत्थान व गुरु जंभेश्वर भगवान के आदर्शों के प्रचार-प्रसार में बीता। वे उच्च कोटि के संत थे। मात्र 8 वर्ष की अल्प आयु में ही अपना पारिवारिक जीवन त्यागकर उन्होंने समाजसेवा को चुना, जो दर्शाता है कि वे कितने आध्यात्मिक संत थे। हमारे परिवार के प्रति उनका हमेशा अपार शुभ आशीर्वाद रहा। जब भी उनके भेंट होती थी जो गहरी आत्मिक शांति व ऊर्जा का अपार संचार होता था। सदैव ही उनका आशीर्वाद और उनकी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहेंगी।



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

# अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-



### कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

### सेहत पर पूरा ध्यान दें



अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।

### समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

### रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

### अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

# एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप
बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

### सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

# अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक

डेकोरेशन
राना हक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।

# यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला

स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस



क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।

**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

# रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन
डॉ. अदिति शर्मा, डाइटीशियन

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।



**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### ब्रह्मनाद ध्यान से आलोकित हुए साधक

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ में आयोजित ध्यान सत्र में आचार्या मां साक्षी ने साधकों को ब्रह्मनाद ध्यान की साधना करवाई। ब्रह्मनाद ध्यान से साधकों को अंतर्मन की ध्वनि और आत्मिक शक्ति का साक्षात्कार कराया गया। ध्यान के बाद कार्यक्रम के समापन पर समर्थगुरु धारा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने बताया कि संघ द्वारा 5 से 7 सितम्बर को पूरे देश में एक साथ बहुत से शहरों में तीन दिवसीय ध्यान योग का आयोजन किया जाएगा।

### ढींगड़ा, चावला-मिनोचा के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव

**हिसार।** पंजाबी कल्याण मंच की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक मंच के प्रधान इन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मनोहर मोर्चा से सुभाष ढींगड़ा, नंद किशोर चावला व सुदर्शन मिनोचा के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। मंच के प्रेस सचिव मदनलाल पपनेजा ने बताया कि मंच द्वारा हर वर्ष की भांति रविवार प्रातः श्रद्धा व हर्षोल्लास से अमर शहीद मदन लाल ढींगडा का शहीदी दिवस समारोह आयोजित किया गया लेकिन उपरोक्त तीनों बिना आमंत्रित किए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और समापन के समय अनावश्यक रुप से शोर-शराबा करने लगे।

### छात्रवृत्ति संशोधित योजना के तहत पात्र आवेदन करें

हिसार। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ बीआर अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों द्वारा हरियाणा सरल पोर्टल के माध्यम से 31 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस योजना में अनुसूचित एवं विमुक्त जाति, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु व टपरीवास जाति के 10वीं कक्षा, 12वीं कक्षा और स्नातक कक्षा के छात्र व छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं केवल 10वीं कक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### विदेशी कंपनी भारत छोड़ो अभियान चलाया

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच हिसार जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक स्वामी विवेकानंद भवन में आयोजित की गई। जिला संयोजक राकेश चराया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्वदेशी सुरक्षा स्वावलंबन अभियान की समीक्षा की गई। विदेशी कंपनी भारत छोड़ो-स्वदेशी से नाता जोड़ो अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर 47 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान 3700 स्वदेशी सूची पत्रक का वितरण किया गया और स्वदेशी अपनाने का संकल्प करवाया गया। कार्यकर्ताओं की बैठक का संचालन प्रांतीय स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल ने किया। बैठक में डॉ. भगत सिंह, डॉ. संजीव शर्मा, मोना जैन, स्नेहलता, रिचा जांगड़ा, सोनिया श्योदान, प्रवीण कुमारी, विकास जैन, अमित जैन, प्रदीप बामल, सतीश भुटानी, चंद्रभान सोनी, ऋतुराज वर्मा, महेंद्र पाल व सुनील दत्त सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

श्रम मंत्री अनिल विज के नाम सौंपा ज्ञापन

# भवन निर्माण कामगार यूनियन ने किया जोरदार प्रदर्शन, की नारेबाजी

26 को डीसी कार्यालय पर जिला स्तर का प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देते भवन निर्माण कामगार यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भवन निर्माण कामगार यूनियन की तहसील कमेटी ने सोमवार को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन की तरफ से अपनी मांगों को लेकर श्रम मंत्री अनिल विज के नाम का कृषि विभाग के एसडीओ नवीन राठी के मार्फत डीसी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता तहसील प्रधान लीलू राम जांगड़ा ने की व संचालन वीरेंद्र दुर्जनपुर ने किया। यूनियन ने एलान किया कि 26 अगस्त को डीसी कार्यालय पर जिला स्तर का प्रदर्शन किया जाएगा।

इससे पूर्व प्रदर्शन का संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड के तहत लगभग 10 लाख के करीब मजदूर पंजीकृत है जिनमें 6 लाख के करीब मजदूर ऑफलाइन व 4 लाख के करीब ऑनलाइन पंजीकृत हुए है। फर्जी तरीके से 90 दिन की वैरीफिकेशन का आरोप लगाते हुए विभाग द्वारा सभी निर्माण मजदूरों का पंजीकरण अस्थाई तौर पर ब्लाक कर दिए गए है। वक्ताओं ने कहा कि 90 दिन की वैरीफीकेशन में मजदूर का कोई कसूर नहीं है। उन्होंने मांग की कि मजूदरों के लाभ न रोके जाएं तथा मजदूरों के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर यूनियन के राज्य के प्रधान मनोज कुमार सोनी, राज्य महासचिव सुखवीर सिंह, सीटू जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला प्रधान वेद प्रकाश, लीलूराम जांगड़ा, अरविंद, विनोद कुमार,

**यूनियन की प्रमुख मांगे**

1.बंद की गई साइट को खोला जाए व मजदूरों को लाभ प्रदान किए जाए।
2.बोर्ड में कर्मी व अधिकारी भर्ती करके बोर्ड का स्वतंत्र ढांचा खड़ा किया जाए।
3. 90 दिन की वैरीफिकेशन का अधिकार यूनियनों को दिया जाए।
4.फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।
5. बेमानी आपत्ति लगाकर रद किए लाभ के फार्म बहाल करके मजदूरों को लाभ दिया जाए।
6 फैमिली आईडी के नाम पर मजदूरों को प्रताड़ित करना बंद किया जाए।
7. कैम्प लगाकर प्रवासियों सहित सभी मजूदरों का पजीकरण किया जाए।



हिसार। सिंचाई विभाग के कार्यालय पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### सिंचाई विभाग के कर्मचारियों का प्रदर्शन

**हिसार।** सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को सिंचाई विभाग के फव्वारा चौक स्थित कार्यालय में धरना दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने धरना देकर विरोध जताया। प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। कर्मचारियों ने एलान करते हुए कहा कि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन को तेज करेंगे। कर्मचारियों ने सरकार पर मांग पूरी करने के मामले में टरकाऊ रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कर्मचारियों ने बताया कि 19 व 20 अगस्त को पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, बीएंडआर के अधीक्षक अभियंता कार्यालय के बाहर धरना देंगे। मांग नहीं मानी तो 6 सितंबर को सिंचाई विभाग मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी आवास के बाहर धरना देंगे। इसके बाद भी मांग नहीं मानी तो 13 सितंबर को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर प्रदर्शन करेंगे। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के जिला सचिव दीपक मेहरा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राजन गुप्ता की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया था। जिसमें फील्ड कर्मचारियों के करीब 16 हजार से अधिक पदों को समाप्त कर दिया है। जिसमें सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 16 हजार पदों को समाप्त करने की रिपोर्ट दी है। सरकार ने रोजगार को खत्म करने का प्रयास किया है। इसी के विरोध में यह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वरिष्ठ उपप्रधान रविंद्र शर्मा ने कहा कि लंबे समय से हरियाणा पीडब्ल्यूडी वर्कर यूनियन के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार लड़ रहे हैं। सरकार हमारी मांगों को पूरा करने की बजाए टरकाने का काम कर रही है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। कैनाल गार्ड को तृतीय श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। सरकार हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे।

# कर्मियों की मेहनत से हकृवि को मिली पहचान

- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तीन माह के दौरान 29 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, राजीव मोर, अंशुल व विजय बहल भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान पांच वैज्ञानिक तथा 24 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. सतीश कुमार, डॉ. रामभगत गुप्ता, डॉ. एसके सहरावत, डॉ. आरके झोरड़ व डॉ. कृष्णा हुड्डा जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में धनंजय कुमार शर्मा, जयबीर सिंह, मोहिन्दर सिंह, मेजर सिंह, लीलूराम, ऋषिपाल, सुरजीत सिंह, निर्मल सिंह, हरिसिंह, अबास, भगवत दयाल, सुरेन्द्र कुमार, किशोरी लाल, अनीता रानी, पूर्णमल, रिछपाल, सूरत सिंह, हंसराज, रामभगत, राज बहादुर, रामसिंह, बलबीर सिंह, सितारा बाई व सरला देवी शामिल है।

# श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका की छात्रा मुस्कान ब्लॉक स्तरीय क्वीज प्रथम

- प्रतियोगिता नांगल चौधरी पीएम श्री मॉडल स्कूल में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। छात्रा मुस्कान को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा एचएसएसीएस पंचकूला की ओर से आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता के तहत नांगल चौधरी ब्लॉक लेवल साइंस क्वीज में श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा मुस्कान ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता नांगल चौधरी पीएम श्री मॉडल स्कूल में आयोजित हुई। जिसमें ब्लॉक के सभी स्कूलों ने हिस्सा लिया। इस उपलब्धि से न केवल स्कूल को गर्व है, बल्कि पूरे क्षेत्र में मुस्कान की प्रतिभा का लोहा माना जा रहा है। ब्लॉक लेवल पर आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। मुस्कान ने अपनी विज्ञान की समझ व कड़ी मेहनत के बल पर यह स्थान प्राप्त किया है। ज्ञातव्य है कि यह विद्यालय इस तरह की प्रतियोगिता में अपना अव्वल स्थान प्राप्त करता रहा है। यह विद्यालय हमेशा से ही विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता आया है। स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव व चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने मुस्कान की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी।

# तिरुपति धाम में गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विधि विधान से शुरू



हिसार। तिरुपति धाम में गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ पर मौजूद श्रद्धालु।

- मृदाहरण व अंकुरार्पण के साथ तिरुपति धाम में गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उत्तर व दक्षिण भारतीय संस्कृति में सामंजस्य स्थापित करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में पूरे विधि विधान से गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। चार दिन तक चलने वाले इस महोत्सव की शुरूआत दक्षिण भारतीय पूजा पद्धति के अनुसार मृदाहरण, अंकुरार्पण एवं वास्तुहोम के साथ हुई। विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालुओं ने पूजा व आराधना में पूरी आस्था के साथ हिस्सा लिया। गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव परम पद प्राप्त जगद्गुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी श्री देवनारायणाचार्य जी महाराज के कृपा पात्र अन्नत श्री विभूषित सर्वश्री नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में शुरू हुआ। यज्ञशाला प्रवेश, मानोन्मान शांति होम व कुंभ कलश आदि की स्थापना एवं यज्ञशाला आराधन का विधान पूरा करके इष्ट की आराधना की गई। 19 अगस्त को प्रातः कलशों से श्रीभगवान का अभिषेक और सायं नयनोन्मिलन, शयनाधिवास व प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 20 अगस्त को महासंप्रोक्षण व सात्तुमुरै तीर्थ प्रसाद का विधान रहेगा। 20 अगस्त को ही नंदोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा और सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

### भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत कर दिए हैं। पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली व जिला प्रभारी जवाहर सैनी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए हैं। इसके तहत आदमपुर विधानसभा क्षेत्र से पवन खारिया, अरूणदत्त शर्मा, जयपाल बैंदा, विनोद ऐलावादी, पुरूषोत्तम राणा, अजय बैनीवाल, अनिल कुमार, घनश्याम शर्मा, शशिकांत शर्मा, सूरजभान महला, भागीरथ गुप्ता, सतेन्द्र भांभू, राजेश भादू व राकेश मक्कड़ को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। हिसार विधानसभा क्षेत्र से कविता केड़िया, कैप्टन नरेन्द्र शर्मा, सुरेश गोयल धूपवाला, विजय नागपाल, विरेन्द्र लाहोरिया, गणेशदत्त शर्मा, महाबीर जांगड़ा, नीलम टुटेजा, संजय सूरा, कृष्ण बिश्नोई, विकास जैन, सुशील बुड़ाकिया, घनश्याम गोयल, नरेश सिंघल, सुनील वर्मा, रेखा सैनी, प्रीतम सैनी, केपी गुप्ता, पूनम राजपाल, जितेन्द्र, संजय मित्तल, धर्मबीर पानू, मनोज बुड़ाकिया, मदन गोयल व सुनील चायपत्ती को सदस्य बनाया गया है।

# शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच कराई

- सर्वोदय अस्पताल ने विशाल मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। शिविर में उपस्थित पड़ाव भाईचारा सेवा समिति के पदाधिकारी।

पड़ाव चौक स्थित अहीर गुर्जर धर्मशाला में सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल की ओर से एक विशाल मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 से अधिक मरीजों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में सर्वोदय अस्पताल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान बीपी, शुगर, ईसीजी सहित विभिन्न जांचें की गईं तथा मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। शिविर में मुख्य रूप से हृदय रोग, छाती एवं फेफड़ों के रोग, सामान्य रोग एवं फिजियोथेरेपी संबंधी रोगों की जांच की गई। इस अवसर पर पड़ाव भाईचारा सेवा समिति से पहुंचे लोगों ने सर्वोदय अस्पताल के इस सामाजिक प्रयास की भूरि-भूरि सराहना की और अस्पताल को निरंतर समाजहित में सेवाएं देते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# किसान एक सितंबर को कुरुक्षेत्र में सीएम आवास का करेंगे घेराव

- समिति के कार्यकर्ता हर गांव में जाकर प्रचार-प्रसार करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जाट धर्मशाला में बैठक करते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को जाट धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सतीश बेनीवाल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 सितम्बर को किसान कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए हिसार ज़िले के हर गांव में बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें यह तय किया गया कि समिति के कार्यकर्ता हर गांव में जाकर प्रचार-प्रसार करेंगे और प्रदर्शन के लिए ड्यूटी तय की गई।

समिति ने सरकार को आगाह किया कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज़ होगा। समिति ने जलभराव व बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों का तुरंत सर्वे कर उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग उठाई।

समिति ने साफ कहा कि यह आंदोलन किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई है और 1 सितम्बर का कुरुक्षेत्र प्रदर्शन निर्णायक साबित होगा।

भारत सहित तीन देशों से सम्मानित पूर्व सैनिक का किया सम्मान

# पूर्व सैनिक की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। आर्यनगर में पातन मोड पर स्थापित भूतपूर्व सैनिक कुंभा सिंह की प्रतिमा।

देश की आजादी से पहले सेना की राजपूत रेजीमेंट में शामिल व आजाद हिंद फौज के सरीखे रहे भूतपूर्व सैनिक कुंभा सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। आर्यनगर में पातन मोड चौक पर किया गया। इस प्रतिमा को कुंभा सिंह सेवा समिति ने स्थापित किया। अंग्रेज सेना की राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में सेवाएं देने वाले कुंभा सिंह ने सेना से निवृत्ति के बाद गांव में खेती बाड़ी करते हुए सामाजिक सरोकार में उत्कृष्ट सेवाएं दीं। गांव आर्यनगर में मृत्युभोज बंद करने का बीड़ा उठाया। आजादी के एक साल बाद 1948 में आर्यनगर में मृत्युभोज पर पूर्णतया रोक लगाने का प्रयास किया। इससे पहले सेना में रहते भारत के अलावा जर्मनी व इटली सरकार से सम्मानित हुए। 30 जुलाई 1942 को अंग्रेज सेना में भर्ती होने वाले कुंभा सिंह ने सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में भी सेवाएं दी। भूतपूर्व सैनिक कुंभा सिंह की मृत्यु 25 सितंबर 1996 को हुई। उनकी सेना में सेवाओं और गांव में सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान को लेकर प्रतिमा स्थापित की गई है। इस मौके पर गांव के 90 वर्षीय श्योचंद आइतान, रामेश्वर दास, ओमप्रकाश, मुकेश, कुलदीप, सुरेश, महेंद्र, फकीर चंद, शीशपाल, मदन व राजेश सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, दिलबाग पुत्र श्योकर्ण पुत्र बिसानाराम सकना ढाणी बलारा तह. सिवानी, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दिनेश जो कि शादीशुदा है और मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रावलवास खुर्द की मुख्य चौपाल बीएंडआर के पत्र क्रमांक 1265 दिनांक 20 मई 2021 के तहत कंडम घोषित हो चुकी है। चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए कंडम चौपाल की बोली दिनांक 25 अगस्त 2025 को प्रात 11 बजे मुख्य चौपाल रावलवास खुर्द में की जाएगी। बोली की शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत रावलवास खुर्द
खंड हिसार द्वितीय

## खबर संक्षेप

### ओशो ध्यान उपवन में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में ध्यान शिविर आयोजित करके श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ध्यान शिविर व जन्मोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन के लिए पूरे ओशो ध्यान उपवन को रंग-बिरंगी लड़ियों से सजाया गया। ध्यान शिविर व जन्मोत्सव के आयोजक स्वामी संजय ने श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन को समझकर जीने के नए नजरिए से साक्षात्कार होता है।

### रोटरी सैंट्रल का सिल्वर जुबली समारोह आयोजित

**हिसार।** रोटरी क्लब सैंट्रल के सामाजिक सेवा में 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी गवर्नर डिस्ट्रिक्ट-3090 रोटेरियन भूपेश महता द्वारा प्रधान रोटेरियन सुनील मलिक और उनकी पूरी टीम को शपथ दिलाई गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन भूपेश महता इस मौके पर चीफ गेस्ट तथा रो. डॉ. संदीप चौहान, इमीजिएट पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, गेस्ट ऑफ ऑनर थे। डिस्ट्रिक्ट-3090 के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. गुलबहार रिठोल, रो. प्रेम अग्रवाल व रो. डॉ. वी.बी. दीक्षित भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### तिरूपति-हिसार स्पेशल रेल का होगा ठहराव

**हिसार।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तिरूपति-हिसार-तिरूपति स्पेशल रेलसेवा का अमलनेर एवं धरणगांव स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 07717, तिरूपति-हिसार स्पेशल रेलसेवा जो 20 अगस्त से तिरूपति से प्रस्थान करेगी वह धरणगांव स्टेशन पर 08.46 बजे आगमन व 08.48 बजे प्रस्थान कर एवं अमलनेर स्टेशन पर 09.07 बजे आगमन व 09.09 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07718, हिसार-तिरूपति स्पेशल रेलसेवा जो 24 अगस्त से हिसार से प्रस्थान करेगी वह अमलनेर स्टेशन पर 03.48 बजे आगमन व 03.50 बजे प्रस्थान कर धरणगांव स्टेशन पर 04.18 बजे आगमन व 04.20 बजे प्रस्थान करेगी।

### हनुमान मंदिर ऑटो मार्केट में संकट मोचन हवन 27 को

**हिसार।** श्री रामदूतम सेवा समिति(रजि) नवम श्री शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं सालासर पैदल यात्रियों के निमित्त ऑटो मार्किट में स्थित श्रीबाला जी हनुमान मंदिर में समिति प्रधान कुलप्रकाश गोयल व सदस्यों की उपस्थिति में पूजा अर्चना करके विधिवत रूप से 41 दिन के लिए अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। बंटी गोयल ने बताया कि 27 अगस्त को सुबह संकट मोचन हवन यज्ञ होगा। इस मौके पर श्रीबाला जी हनुमान मंदिर के महंत होशियार चंद कौशिक, हरि सिंह बेनीवाल, राजेंद्र नेताजी, कार्तिक मित्तल, अनिल सिंगला, गोविंद सिंगला, पवन बंसल सुरेश राजगढिय़ा, बिशम्बर, अंशुल गोयल, पुरषोत्तम बंसल,के अलावा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में सुनवाई कर मौके पर ही निपटाई गई शिकायतें

# लाइब्रेरी निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, डीडीपीओ को सौंपी जांच

**एसडीएम ने अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम ज्योति मित्तल तथा नगराधीश हरिराम ने नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर समाधान किया। समाधान शिविर में ढ़ाणी श्यामलाल निवासी शिव कुमार द्वारा गली का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने, सफाई की व्यवस्था तथा फुटपाथ की मरम्मत की शिकायत दी जिस पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने नगर निगम के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

वहीं गांव सीसवाल के ग्रामीणों की लाइब्रेरी निर्माण में अनियमितता बरतने तथा पंचायत फंड के गबन संबंधी शिकायत समाधान शिविर में दी गई जिस पर एसडीएम ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**हिसार।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनती हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल।



**हांसी।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

### जलभराव की निकासी करने के दिए निर्देश

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने विभिन्न जन समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में जलभराव को लेकर रखी समस्याओं पर एसडीएम राजेश खोथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तुरंत मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लें और आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान शिविर में चार कुतुब गेट निवासी शीला देवी की विधवा पेंशन तथा पुट्ठी मंगल खा निवासी कश्मीरी लाल की बुढ़ापा पेंशन बनवाने संबंधी शिकायतें भी प्रस्तुत हुईं। एसडीएम ने संबंधित विभाग को आवश्यक कागजातों की जांच कर तुरंत पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार दुर्गा कॉलोनी निवासी संजीव कुमार ने अपने मकान के पास खाली प्लॉट में बरसाती पानी भरने से हो रही परेशानी की शिकायत रखी। इस पर एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को तुरंत मौके पर जाकर पानी की निकासी करने के निर्देश दिए।

### वार्ड 14 के कार्यों का निरीक्षण कर जानी समस्याएं



**हिसार।** निरीक्षण करते निगम आयुक्त नीरज।

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज ने अधिकारियों के साथ वार्ड 14 के सफाई और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान इस दौरान पार्षद डॉ. सुमन यादव, अंकुर यादव, वीरेंद्र यादव, आरडब्ल्यूए के प्रधान अमर लाल बूरा, कुलबीर, मार्केट एसोसिएशन के सदस्य जेई संदीप काजल, सुमित, सी एस आई राजकुमार सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे। सबसे पहले निगमायुक्त नीरज सेक्टर 13 के कचरा सेकेंडरी पॉइंट पर पहुंचे। सेकेंडरी पॉइंट को खत्म कर उनके सौंदर्यीकरण कार्य करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। मकान नंबर 81 और 82 के सामने ब्रेकर लगाने की मांग पर निगमायुक्त ने अधिकारियों को विजिबिलिटी चेक करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह रोड जल्द ही बनाया जाएगा। सेक्टर 16-17 स्थित बरसाती नाले के मेनहोल को कवर करने व वार्ड की ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यीकरण के भी उन्होंने आदेश दिए। उन्होंने सेक्टर 16-17 स्थित एक कचरा पॉइंट को खत्म करने, सेक्टर 16-17 की एंट्री पॉइंट का सौंदर्यीकरण के भी आदेश दिए। सेक्टर 9-11 स्टॉर्म वाटर के रेनोवेशन का कार्य अगले सप्ताह में शुरू हो जाएगा। सेक्टर 9-11 के क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 9-11 के अंदर से बड़े ट्रैकों का आवागमन ज्यादा है जिससे दुर्घटनाएं हो सकती है।

## जाट समाज के किसी महापुरुष के नाम पर सड़क मार्ग का नाम रखने की मांग



**हिसार।** जाट सेवक संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

- जाट सेवक संघ की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जाट सेवक संघ ने मांग की है कि जाट समाज के किसी महापुरुष या संत की प्रतिमा स्थापित कर उस मार्ग का नाम उनके नाम पर रखा जाए। इस संबंध में जाट सेवक संघ की बैठक यहां हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश बडाला ने की। बैठक में संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और समाजहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह बात विशेष तौर पर रखी गई कि स्थानीय मुद्दों को लेकर स्थानीय विधायक से बैठक कर उनके निदान का हल निकाला जाए और संघ हर तीन-चार महीने के अंतराल पर कोई न कोई बड़ा संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित करे। बैठक में जाट धर्मशाला, हिसार के प्रधान संजीव कुमार नंबरदार ने समाज के लिए हर तरह से मदद करने का आश्वासन दिया और जाट सेवक संघ के कार्यों की सराहना की। संघ के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि बैठक में महासचिव जोगिन्द्र सिंह पातड़, साधुराम जाखड़, सिरसा से राजेन्द्र कड़वासरा, कृष्ण खिचड़, सुभाष चहल, डॉ. धूपसिंह सिंधु, संजीव कुमार नंबरदार, सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी प्रवक्ता, देवेन्द्र मान, स्नेहलता श्योकंद, वीरेंद्र अहलावत, कुलबीर दूहन, सत्यवान शास्त्री, नरेन्द्र घणघस, रणबीर बूरा, बलजीत पूनिया, मनीराम मोर, संदीप कुमार आदि रहे।

### हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में श्रीकृष्ण छट् महोत्सव 21 को

**हिसार।** हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म हनुमान मंदिर ट्रस्ट, नागोरी गेट के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान मंदिर के नवनिर्मित गिन्नी देवी स्मृति भवन (हाल) में श्रीकृष्ण छट् महोत्सव 21 अगस्त को सायं 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक पवन बृजवासी (वृंदावन) व उनके साथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की छठी के अवसर पर भजनों की वर्षा की जाएगी। इसके साथ ही हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी कृष्ण भगवान की विभिन्न लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## पार्षद ने पड़ाव चौक में सुनीं क्षेत्र की समस्याएं

- ज्योति वर्मा ने समस्याएं सुनने के बाद कहा कि वे हर रोज वार्ड की समस्याएं दूर करने के लिये प्रयासरत रहती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वार्ड नम्बर तीन की पार्षद ज्योति वर्मा ने पड़ाव चौक में अग्रवाल ग्रुप के प्रधान व क्षेत्र के दुकानदार पवन गोयल काका के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर क्षेत्र की समस्याएं सुनीं। नगर की समस्याओं की चर्चा करते हुए पवन गोयल ने नगर में जगह-जगह वर्षा का पानी जमा होने, सीवरेज जाम, बेसहारा पशुओं का सडक़ों पर भारी मात्रा में होना, कई क्षेत्रों में पानी-बिजली की समस्याएं बताई। ज्योति वर्मा ने समस्याएं सुनने के बाद कहा कि वे हर रोज वार्ड की समस्याएं दूर करने के लिये प्रयासरत रहती हैं। भविष्य में भी समस्याओं को दूर करने के प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु, प्रदीप सर्राफ, अजय गोयल आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** पड़ाव क्षेत्र में समस्याओं पर चर्चा करते पार्षद ज्योति वर्मा व पवन गोयल।

## नृत्य में ओम इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- प्रधानाचार्य के.एल. गोस्वामी ने विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल पार्क में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की केशव शाखा द्वारा 'उत्तिष्ठ भारत' कार्यक्रम में देशभक्ति पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर, ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पुनीश गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने विजयी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना करी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ अपनी संस्कृति और कला से रूबरू होना भी जरूरी है। ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य के.एल. गोस्वामी ने एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें सभी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



**हिसार।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य केएल गोस्वामी। *फोटो : हरिभूमि*

## जम्मू के राज्यपाल ने किया शिव सेवक मंडल को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जम्मू कश्मीर के महामहिम राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कटरा के आध्यात्मिक विकास केंद्र में आयोजित सम्मान समारोह में हिसार के श्रीशिव सेवक मंडल ट्रस्ट को अमरनाथ यात्रा के दौरान उल्लेखनीय सेवाएं देने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम का आयोजन श्री अमरनाथ यात्रा भंडारा संगठन, सायबो द्वारा किया गया था। समारोह के मुख्यातिथि महामहिम राज्यपाल मनोज सिन्हा थे।

मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल ने बताया कि मंडल के सभी सेवादारों के सहयोग से एक माह से अधिक समय के लिए पंथा चौक, श्रीनगर में भंडारे का आयोजन किया गया था। मंडल द्वारा इस वर्ष 14वां भंडारा लगाया गया था। मंडल की ओर से डॉ. गौरव मुंजाल, शालू नागपाल, अमित सेठी व राजू सरदाना ने राज्यपाल से प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया।



**हिसार।** श्रीशिव सेवक मंडल ट्रस्ट के सदस्यों को सम्मानित करते जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा। *फोटो : हरिभूमि*

## शिवेश, माधव, नैंसी और साधना अपने-अपने आयु वर्ग में रहे प्रथम

- जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को महाबीर स्टेडियम में जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर -17 और अंडर -19 बालक व बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता अंडर -17 बालक वर्ग में शिवेश ने प्रथम व लक्ष्य ने द्वितीय, अंडर -19 बालक वर्ग में माधव ने प्रथम व कुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में नैंसी ने प्रथम व चेल्सी ने द्वितीय, अंडर -19 बालिका वर्ग में साधना ने प्रथम तथा कोमल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर डीपीई रमेश बैनीवाल, राजकुमार, कोच मनस्वरूप, डीपीई दीपक, नीलम आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारी सौरभ ने विवि परिसर में पौधरोपण करके अपना जन्म दिन मनाया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किए जा रहे पौधरोपण की श्रंखला में उन्होंने भी पौधा लगाया।

सौरभ ने कहा कि पौधरोपण करके ही हम आने वाली पीढिय़ों के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। सौरभ ने बताया कि अभिभावकों एवं बच्चों को अपने जन्म दिवस पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए ताकि पृथ्वी को हरा-भरा बनाया जा सके। पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि पौधरोपण को गति देने के लिए चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान से लोगों में जागरूकता आएगी।



**हिसार।** जन्मदिन पर पौधरोपण करता हकृवि कर्मचारी सौरभ।

### गुजवि में विद्यार्थियों के लिए शुरु हुआ तीन दिवसीय स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम

## विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक जीवन की शुरुआत में किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने नव आगंतुक विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम (एसआईपी) 'दीक्षा-आरम्भ' शुरु किया है। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में आरंभ हुए इस कार्यक्रम में नव आगंतुक विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक जीवन की शुरुआत में मार्गदर्शन किया जाएगा तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन विद्यार्थियों को कुलपति के तकनीकी सलाहकार (प्रशासनिक) प्रो. विनोद छोकर व कुलपति के तकनीकी सलाहकार (एचआरएम) प्रो. संदीप राणा ने संबोधित किया।

कुलपति के तकनीकी सलाहकार (प्रशासनिक) प्रो. विनोद छोकर ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि उन्हें विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला है। वे इस अवसर का फायदा उठाएं। कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा ने बताया कि 'गुरुकुल टू ग्लोबल क्लासरूम' विषय पर अपने संबोधन में कहा कि भारत की प्राचीन काल से समृद्ध शैक्षणिक व्यवस्था रही है।

इस व्यवस्था पर हमें गर्व करना चाहिए। शिक्षा विभाग की अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष प्रो. वंदना पूनिया ने स्वागत संबोधन किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को एनएसएस, एनसीसी, वाईआरसी, खेल, छात्रावास, पुस्तकालय तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में जानकारियां दी गई।



**हिसार।** गुजवि में कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते कार्यक्रम के आयोजक।